## सार-समाचार

### झुंझुनूं को 30 ट्यूबवैल की सौगात

**झुंझुनूं,** (निसं)। गर्मी के मौसम को देखते हुए पीने के पानी की समस्या आने वाली है। ऐसे में सीएम भजनलाल शर्मा के एक्शन और मॉनेटरिंग की पूरे प्रदेश में प्रशंसा हो रही है। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि जिस तरह से भाजपा संवेदनशील, जवाबदेही और पारदर्शी सरकार देने का वादा करके सत्ता में आई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस वादे को पूरा कर रहे है। उन्होंने कहा कि गुरूवार को ही सीएम ने पीएचईडी अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अंतिम व्यक्ति तक पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है। इसलिए अधिकारी कार्यों से पीछा ना छुड़ाए। पीने के पानी की व्यवस्था कैसे हो। बस यह सुनिश्चित करें। ना तो सरकार के पास पैसों की कमी है ना ही इच्छा शक्ति की। भांबू ने कहा कि इस मैसेज से पूरे प्रदेश के लोगों में सरकार के प्रति एक विश्वास पैदा हुआ है कि जो सरकारें पहले एसी कमरों में बैठकर सिर्फ पानी ना होने का रोना रोती थी। अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का इसलिए भी आभार जताया है कि कल ही सरकार ने झुंझुनूं विधानसभा के लिए 30 के करीब ट्ययूबवैल स्वीकृत किए है। भांबू ने कहा कि करीब तीन करोड़ रूपए की लागत से ये ट्ययूबवैल बनेंगे। तो गांवों में पीने के पानी का काफी हद तक समाधान होगा। इसके लिए यमुना के पानी के लिए भी सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि उसकी डीपीआर बनकर काम शुरू हो और जल्द से जल्द पानी झुंझुनूं की धरती पर पहुंचे।

### हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ

**खिरोड़,** (निसं)। कस्बे में पहाडी पर स्थित प्राचीन गढ़ बालाजी मंदिर पर तीन दिवसीय 21वें हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। सीकर रोड स्थित गणेश मंदिर से श्रद्धालुओं ने लाल निशान उठाए और झूमते-गाते हुए गढ़ बालाजी को अर्पित किए। इसी के साथ गड़ बालाजी सेवा समिति के संयोजन में चिराना के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की विधिवत् शुरुआत हो गई। निशान यात्रा के मार्ग में बजरंग बली के जयकारे लगाते, नाचते-गाते भक्तों के बीच झूमते महाबली हनुमान और भक्तों पर पुष्पवर्षा के मनोरम दृश्य नजर आए। ग्रामीणों ने निशानधारियों के लिए जगह-जगह गन्ने के ज्यूस, ठंडाई समेत अन्य शीतल पेय पदार्थों की मनुहार की। मंदिर पहुंचने पर सभी निशान बालाजी को अर्पित किए गए। इसके बाद आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। निशानयात्रा में वेंकटेश मंदर लोहार्गल के महंत अश्विनीदास महाराज, सरपंच राजेंद्रसिंह शेखावत चिराना, सरपंच राजेंद्र सैनी बागोरिया की ढाणी, डॉ. अनिमेष गुप्ता, शशिकांत पटेल, भवानीसिंह शेखावत, नवीन पारीक, किशोरीलाल सैन, संतोष शर्मा, प्रकाश सैनी, नरेश शर्मा, सुरेश सैन, प्रदीप शर्मा, मनोज बारी समेत अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। गढ़ बालाजी धाम सेवा समिति के पूरणमल सैनी ने बताया कि जन्मोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ।

### हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न आयोजन होंगे

**चिड़ावा** (निसं)। चिड़ावा की पुण्यभूमि पर इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव बडे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर बालाजी महाराज के दिव्य स्वरूप के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सेवक मित्र मंडल, चिड़ावा के नेतृत्व में पंचमुखी चौक स्थित बालाजी मंदिर (गणेश मंदिर के पीछे), वार्ड नंबर 11 में एक विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता पूर्ण उत्साह से तैयारियों में लगे हुए हैं। यह भक्तिमय संध्या आज शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 को रात्रि 8:15 बजे आरंभ होगी, जिसमें सुप्रसिद्ध गायक सिद्धार्थ (चनाना) और राजू रसिया (पिलानी) अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देंगे। इनके साथ शुभम साउंड, चिडावा और अनिल म्यूजिकल ग्रुप, खेतडी के कलाकार भी अपनी संगीत कला से समां बांधेंगे। हनुमान जन्मोत्सव के उल्लास को और भी भव्य बनाने के लिए शनिवार, 12 अप्रैल 2025 को रात्रि 7:15 बजे एक भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। यह रंग-बिरंगी आतिशबाजी कार्यक्रम में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आकर्षण होगी। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। बालाजी महाराज का भव्य फूलों से श्रृंगार किया जाएगा और कार्यक्रम के दौरान भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा और अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए हैं।

### महावीर जयंती का आयोजन

**चिड़ावा** (निसं)। श्रीमालों के मोहल्ले स्थित श्रीमाल जैन मंदिर में महावीर इंटरनेशनल इंद्रधनुष के बैनर तले महावीर जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी संतकुमार और सहायक पुजारी कार्तिक की उपस्थिति में विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ भगवान महावीर की आरती की गई। भगवान को मिष्टी भोग लगाया गया। स्वर्णिम आवरण में लिपटे श्रीफल को प्रतीक राशि के साथ भगवान के चरणों में अर्पित किया गया। इसके बाद टीम ने श्री गोपाल गौशाला का दौरा किया। वहां मैनेजर और स्टाफ की मौजूदगी में पक्षियों और गोवंश के लिए एक बोरी ज्वार दान की गई। इस अवसर पर गौ पूजा के साथ एस्ट्रो कवि वीर नागेंद्र शर्मा निकुंज का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. एलके शर्मा, महिला उपाध्यक्ष डॉ. कुसुम लता शर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित सुल्तानिया और उप कोषाध्यक्ष नाहर सिंह मौजूद रहे। इवेंट मैनेजर सज्जन गोदारा, इवेंट डायरेक्टर विक्रम शर्मा और नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी आशु स्वामी अडुका, समीर सिंह भी उपस्थित थे।मंदिर के ट्रस्टी पुनीत जैन, कुशल चंद श्रीमाल, महावीर प्रसाद श्रीमाल और विनीत श्रीमाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने टीम एमआई इंद्रधनुष की सराहना की।

### महावीर जयंती मनाई

**चिड़ावा** (निसं)। ए पी एस स्कूल में महावीर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में अध्यापिका बबीता कटेवा ने बच्चों को जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर द्वारा दी गई शिक्षाओं को बताते हुए कहा कि , मनुष्य को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए समाज का निर्माण करना चाहिए जिससे देश और विश्व में शांति,अहिंसा एवं सद्भाव स्थापित हो। भगवान महावीर ने अहिंसा परमो धर्म : का नारा दिया था जिसका मतलब है किसी भी जीव को नहीं सताना। प्रिंसिपल सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि महावीर जयंती हमें आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने और सादगी , दयालुता और भौतिक संपति और इच्छाओं से वैराग्य के मूल्यों को अपनाकर संदेश देती है। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन डॉक्टर पायल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में शांति,अहिंसा और सद्भाव को बढ़ावा दें । इस विशेष कार्यक्रम में पी आर ओ डॉक्टर जी सी शर्मा, एकेडमिक हेड मनमोहन शर्मा, सिक्योरिटी ऑफिसर शमशाद खान एवं सी सी ए इंचार्ज हेमलता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### फुले जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

**चिड़ावा** (निसं)। सैनी धर्मशाला स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल पर महात्मा ज्योतिब फूले जी की 198वीं जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। मेहर कटारिया के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में झुंझुनूं जिला सैनी समाज जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, पूर्व पार्षद महेश कटारिया, समाजसेवी सुरेन्द्र सैनी, सरपंच संदीप सैनी के आतिथ्य में महात्मा ज्योतिबा फुले को पुष्प माला अर्पित की गई। कार्यक्रम में फूलचंद सैनी, रणवीर महाराज, श्यामसिंह सैनी, सूबेदार सुखदेव सैनी, होशियार सिंह, गिरधारी माखरिया, कामरेड ओमप्रकाश जेदिया, योगेंद्र, मातूराम, रोहिताश कटारिया, रतन लाल, शेरसिंह कटारिया, मनोज कटारिया, करण सैनी बंटी, तेजप्रकाश सोनी, राकेश सोनी, विशाल सैनी, अशोक माखरिया, दीपक, शशि कटारिया, संजय कटारिया, यशपाल, अनिल सैनी, अमित सैनी, मनोज शर्मा आदि ने उपस्थित रह कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने फूले के जीवन को प्रेरणादायी बताते हुए उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

### झुंझुनूं जिले में बदला मौसम का मिजाज

**झुंझुनूं,** (निसं)। शुक्रवार को जिले में दिनभर झुलसाने वाली गर्मी के बीच शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद अचानक आसमां में धूल भरी आंधी का गुब्बार छा गया। तेज अंधड़ के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ। आंधी के साथ ही आसमां में बादलों की उमड़ घुमड़ रही। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू। बूंदाबांदी के कारण अंधड़ का प्रभाव कम हुआ। इधर बूंदाबांदी ने लावणी कर रहे किसानों की चिंता बढ़ा दी। बारिश से खेतों में कटाई कर रखी गई फसलों को नुकसान होगा। मौसम विभाग ने जिले के लिए 12 अप्रेल तक ओरेंज अलर्ट जारी करते हुए मेघगर्जना, वज्रपात झोकेदार तेज आंधी चलने की चेतावनी जारी की हैं। मौसम के बदले मिजाज के बाद किसान खेतो में कटी फसल समेटने में जुटे हुए हैं।

# देवीदास हनुमान बगीची संस्था में पुष्प अर्पित कर फुले जयंती मनाई

**चूरू** (निसं)। स्थानीय पंखा सर्किल स्थित श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था (सैनी छात्रावास) में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला ओ.बी.सी. वेलफेयर सोसायटी चूरू व आदर्श छात्रावास समिति चूरू के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने की।

इस अवसर पर उपस्थित जनों ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। ज्योतिबा फुले को पिछड़े व दलित समाज का समाज सुधारक बताया। उन्होंने सभी को मानसिक गुलामी से मुक्त होने व उनके बताये रास्ते पर चलने का आ ान किया। एडवोकेट रामेष्वर रामसरा ने पिछड़े, दलित व वंचित वर्ग की एकता पर बल देते हुये कहा कि पिछड़े व दलित जातियों को एकजुट होकर वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को उखाड फैंकना है।

इस दौरान उन्होंने आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंति संयुक्त रुप से आदर्श छात्रावास में मनाने की अपिल की। आदर्श छात्रावास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल आर्य ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती सुबह 11 बजे ओ.बी.सी. वेलफेयर सोसाईटी के साथ मनाई जायेगी। आर्य ने पिछड़े, अनुसुचित, दलित व वंचित समाज की एकला पर बल दिया। इस अवसर पर गिरधारी लाल तंवर, राधेश्याम स्वामी, सोहन मेघवाल, ओमप्रकाश तंवर, सत्यनारायण सैनी, हरिकिशन जांगिड़, विनोद पापटाण, शीशराम माहिच, आनंद बालाण, रिछपाल सिंह चारण, चानणमल सैनी, मुन्नीराम शीला, ओंकारमल सैनी, जयचंद मेघवाल, नरेंद्र सैनी, भंवर सिंह परिहार, सवाई दान चारण, डुंगरमल तंवर, अर्जुन प्रजापत, महावीर स्वामी, गिरधारी सैनी, बैजुराम जांगिड, विद्याधर मेघवाल, कन्हैयालाल प्रजापत आदि वक्ताओ ने ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुये वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर बल दिया।

इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को जाति-विहिन समाज की रचना के सपने को साकार करने वाला, देश में सामाजिक एकता, अखंडता, समानता और भाईचारे को बढ़ाने वाला बताया। कार्यक्रम में अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति, दलित व वंचित सहित बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमोहन सैनी ने किया।



स्थानीय पंखा सर्किल स्थित श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था ( सैनी छात्रावास ) में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

### हनुमान जन्मोत्सव आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को मनाया जाएगा। मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे और मेले भरेंगे। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। झुंझुनूं शहर के बंधे का बालाजी मंदिर में थर्माकोल से 4100 स्क्वायर फीट का भगवा महल बनाया गया है। जहां बालाजी विराजमान रहेंगे। इस महल के बाहरी हिस्से में भगवा रंग और उस पर जगह जगह मयूर की आकृति लगाई गई है, जबकि भीत्तरी हिस्से में विभिन्न देवी देवताओं के अवतारों की आकृतियों के साथ बालाजी के 11 स्वरूप भी उकेरे गए हैं। महल को तीन भागों में बांटा गया है। जिसमें 3500 फीट का बजरंग बली का मुख्य मंदिर है। इसके साथ 324 फीट में शिवालय और 324 फीट में ही बाबा निर्भयदास मंदिर है। थर्माकोल की सात हजार सीटों को अलग अलग रूपों में काटकर बांस की लकड़ियों से जोड़कर महल बनाया गया। इसके लिए बंगाल के 30 कलाकारों को करीब 25 दिन का समय लगा।

उन्होंने दिन रात थर्माकॉल की सीटों को विभिन्न डिजाइनों में काटकर जोड़ा और भगवा रंग किया। महल को तैयार करने वाले कोलकाता के डिजाइन राजू पतरा ने बताया कि मंदिर को सजाने के लिए थर्माकॉल की करीब 150 पेटियों में अलग-अलग साइज की सात हजार से ज्यादा सीटें मंगवाई गई थी।

# सम्मान समारोह का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। सेठ मोतीलाल कॉलेज एसएमएल एलुमनी गेट टूगेदर बढ़ते कदम 2025 दो दिवसीय कार्यक्रम एवं साधारण सभा में उपस्थित सदस्यों ने बहुत ही उत्साह व सक्रियता के साथ भाग लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में 10 अप्रेल को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन 1966 से 1975 तक के बैच के उपस्थित पूर्व छात्रों ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया एवं टीन्नी रेखा एंड पार्टी देहली द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इसी के साथ पूर्व छात्रों ने भी सपरिवार नाच कर गाकर खुशी का इजहार किया।

शुक्रवार को मुख्य कार्यक्रम में वर्ष 1966 से लेकर 1975 तक के एसएमएल कॉलेज पास आउट का सम्मान, नए बने पैटर्न मेंबर एवं चिफ पैटर्न मेंबर का सम्मान, सत्र 2023-24 में मेरिट होल्डर छात्र छात्राओं को 20-20 ग्राम चांदी के मेडल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। कॉलेज के प्रतिभावान तथा निर्धन 35 छात्र छात्राओं को कुल तीन लाख 50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। इससे पूर्व सीनियर पूर्व छात्रों की ओर से दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल ने दिया। वर्ष भर की गतिविधियों का लेखा-जोखा सचिव सीए पवन केडिया ने प्रस्तुत किया। जबकि आय व्यय का विवरण कोषाध्यक्ष मनीष मित्तल ने दिया। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद संयोजक हरिश तुलस्यान ने प्रकट किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन परमेश्वर हलवाई एवं हरिश तुलस्यान ने किया। कार्यक्रम कन्वीनर हरीश तुलस्यान एवं प्रमोद खंडेलिया के संयोजन में आयोजित समारोह में सेठ मोतीलाल शैक्षिणक संस्थान के चार शिक्षक मनफूलसिंह श्योराण, मोहनलाल धायल, डॉ. वीके शर्मा तथा डॉ. एमसी सोनी को गुरु द्रोणाचार्य सम्मान से अलंकृत किया गया एव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से जयपुर प्रवासी बजरंगलाल अग्रवाल सौलानेवाला को सम्मानित किया गया। कॉलेज के गुलझारीलाल शर्मा सचिव सेठ मोतीलाल शिक्षण संस्थान समूह, आरएस निर्वाण प्राचार्य सेठ मोतीलाल कॉलेज, एनके वर्मा प्राचार्य लॉ कॉलेज, दिनेश सिंह शेखावत प्राचार्य टीटी कॉलेज, सुभाषचंद प्राचार्य आईटीआई कॉलेज का भी विशेष सम्मान किया गया।

कॉलेज के पूर्व छात्र आईएएस कुंजबिहारी गुप्ता, आईएएस जाकिर हुसैन, उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज मील, एमएलए राजेंद्र भांबू, जॉइंट कमिश्नर स्टेट जीएसटी उमेश जालान को उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। अलुमनी समिति को छात्रवृत्ति एवं वाद विवाद प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों में सहयोग करने के लिए भामाशाह महावीरप्रसाद गुप्ता चैन्नई, बाबूलाल पोद्दार दिल्ली, सुरेश खंडेलिया मुंबई, बजरंगलाल अग्रवाल सोलानावाला, सीए दीनबंधु जालान मुंबई एवं ललित रुंगटा नासिक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण केजडीवाल, सचिव सीए पवन केडया, कोषाध्यक्ष सीए मनीष मित्तल, सह सचिव डॉ. डीएन तुलस्यान, उपाध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया सहित पुरानी कार्यकारिणी को एलुमनी के चुनावों में सर्वसम्मति से दोबारा चुना गया।

दो दिवसीय कार्यक्रमों में अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण केजड़ीवाल, सचिव सीए पवन केडिया, कोषाध्यक्ष सीए मनीष मित्तल, सह सचिव डॉ. डीएन तुलस्यान, उपाध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, पवन गाडिया, परमेश्वर हलवाई, राजकुमार तुलस्यान, नारायणप्रसाद जालान, सत्यदेव दड़िया, राजेंद्र जोशी, कैलाशचंद्र सिंघानिया, प्रो. एसके शर्मा, परमेश्वर हलवाई, डॉ. राजेश निर्वाण, एडवोकेट उषा केडिया, सपना राणासरिया, सीए जिम्मी मोदी, राजेश केजड़ीवाल, आशीष कानोडिया, आशीष केजड़ीवाल, सीए प्रशांत तुलस्यान, जाकिर सिद्धिकी, पुष्कर जांगिड, नेमी अग्रवाल सहित अन्य जन बडी संख्या में उपस्थित थे।

# ज्योतिबा फुले स्मारक स्थल पर महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती मनाई

**चूरू** (निसं)। महान विचारक, सामाजिक समरसता के वाहक, दार्शनिक व क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती गुरुवार को जिला मुख्यालय पर भरतिया अस्पताल के पास स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस दौरान सैनी समाज के जिला अध्यक्ष डूंगरमल बाबा ने ज्योतिबा फुले के विचारों को जीवन में उतारकर उनके पद चिन्हों पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि ज्योतिबा फुले के विचार तभी सार्थक होगा, जब हम शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगायेंगे। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा से वंचित है, शोषित हैं, ऐसे लड़के-लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें। जिला महासचिव चिरंजी लाल सैनी ने बताया महापुरुष समस्त मानव जाति के हितार्थ अपना जीवन लगाते हैं, ऐसे ही ज्योतिबा फुले ने सबको शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए अनेक आंदोलन किए थे तथा नारी शिक्षा को भी शिक्षा का अधिकार मिले इसके लिए सर्वप्रथम उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षित किया और सावित्रीबाई फुले उस समय की प्रथम महिला शिक्षिका बनी।

फुले दंपति ने उस जमाने में स्कूल शुरू किए थे। उस समय उनको अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और समस्याओं का सामना करते हुए पूरे भारतवर्ष में शिक्षा की अलख जगाई। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न समाज बंधुओं ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला संघ चालक ओमप्रकाश सैनी, प्रधान दीपचंद राहड़, पवन कुमार तंवर, महावीर गहलोत, लालचंद दहिया, शंभु दयाल शर्मा, विष्वनाथ गोटेवाला, ओमप्रकाश गोस्वामी, मनीष क्याल, अशोक शर्मा, डॉ. एस के सैनी, मुकेश पंवार, एडवोकेट श्यामलाल, एडवोकेट आनंद बालान, दीनदयाल भाटी, धर्मेंद्र सैनी, राजवीर सिंह राठौड़, सूर्य प्रकाश शर्मा, शांति सैनी, कौशल्या चौधरी, कृष्ण कुमार सैनी, नंदलाल बौद्ध, प्रभु दयाल सिंगोदिया, कन्हैयालाल सैनी, सुरेश सारस्वत, जीवन सैनी, नारायण सेन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिला संगठन मंत्री बजरंग लाल सैनी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### खेत में काम कर रहे युवक की कुएं में गिरने से मौत

**पाटन** (निसं)। इलाके के गांव हसामपुर में खेत में काम कर रहे युवक की पैर फिसल जाने से कुएं में गिर जाने से मौत हो गई। मृतक के भाई ने इस सम्बन्ध में पुलिस में मर्ग दर्ज करवाई है।

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि हसामपुर निवासी रिंकू प्रजापत पुत्र ग्यारसी लाल प्रजापत ने रिपोर्ट दी है कि उसका भाई राजेश कुमार 8 अप्रैल को बंटाई पर लिए गए खेत में काम करते समय पैर फिसलने से कुएं में गिर गया। परिजनों को इस घटना का पता नहीं लगा तथा वे राजेश को इधर-उधर तलाश करते रहे। गुरुवार शाम पता लगने पर पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद शव को कुएं से निकाला गया। शुक्रवार को पुलिस में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

# साप्ताहिक सेवा पखवाड़ा आयोजित

**उदयपुरवाटी** (निसं)। भाजपा के स्थापना दिवस पर साप्ताहिक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज दिनांक 11 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुरवाटी का मंडल अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण राम सैनी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी ने अस्पताल व अस्पताल के संसाधनो एवं मरीजों की आवश्यकताओं का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने अस्पताल के इंचार्ज व उनकी टीम के साथ मरीजो को बेहतर इलाज देने एवं अस्पताल से संबंधित विभिन्न समस्याओं व सुविधाओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। तथा स्थानीय प्रशासन एवं सर्व समाज के सहयोग से स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प किया गया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया की राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुरवाटी में सुविधाऐ व संसाधनों की उपलब्धता कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मंडल संयोजक अशोक सैनी, सहसंयोजक प्रदीप कुमार अनिकेत सैनी, महामंत्री वीरेंद्र शेखावत, उपाध्यक्ष विजय कुमार चेजारा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रभु दयाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नफीस कुरेशी, पार्षद तेजस छिपा, दिनेश सैनी, बूथ अध्यक्ष आनंद सैनी, मुकेश मीणा व राकेश कुमार महेश सिंगोदिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा पदाधिकारियों ने अस्पताल व अस्पताल के संसाधनों का निरीक्षण किया गया।

## सार-समाचार

### पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगा

**झुंझुनूं,** (निसं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर और ज्योतिबा फुले की जयंती और रक्तवीर युवा समाजसेवी स्व. राकेश बेसरवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर 104 यूनिट रक्तदान हुआ। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा और अजय वर्मा नूआं ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किए। साथ ही युवा समाजसेवी रक्तवीर स्वत्र राकेश बेसरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रक्तदान शिविर में 104 यूनिट रक्त का संग्रहण जीवन ज्योति रक्षा ब्लड बैंक झुंझुनूं द्वारा किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता पवन आलड़िया और डॉ. राजवीर बेसरवाल ने जानकारी देते हुए कहा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। ताकि आए दिन दुर्घटनाओं में और बीमारियों में होने वाली ब्लड की कमी को कुछ हद तक दूर किया जा सके और महापुरुषों उनकी जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके। पवन आलडिया ने बताया कि शुक्रवार को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने 25वीं बार रक्तदान करके युवाओं के लिए मिसाल पेश की है। कार्यक्रम में भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव रघुवीर जोसवाल, माली समाज संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र शास्त्री, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के सरंक्षक महावीर सोनल, राकेश देवठिया, महावीर बेसरवाल, प्रो. हरिराम आलड़िया, डॉ. श्यामप्रताप, डॉ. फरीद आलम, सेवानिवृत्त डिप्टी निरंजनप्रसाद आल्हा, मुकेश झाझड़िया सरपंच, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सतवीर सिंह बरवड़, अजमेर डिस्कॉम एईएन रामप्रताप बरवड़, बीडीओ श्योपाल निर्मल, संदीप सैनी, पुष्पा बेसरवाल, ग्रामसेवक रेणू, वरिष्ठ अध्यापक रामकिशोर निर्मल, हितेश सैनी, अध्यापक सुनिल कलिया, विशाल आल्हा, योगेश कुमार टंडन, सुदर्शन, ईरशाद देरवाला, नवीन शोभा का बास, सचिन किलानिया, शशिकांत,टोनी, सचिन बेसरवाल, योगेंद्र तुनवाल आदि मौजूद रहे।

### छात्रावास में कमरा निर्माण के लिए भामाशाह ने 6 लाख रुपए भेंट किए

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। शेखावाटी अंचल के जाने-माने समाजसेवी भामाशाह चूरू हाल जयपुर निवासी जगदीश प्रसाद तंवर व समाजसेवी भामाशाह मंडावा हाल जयपुर निवासी बनवारी लाल इंदौरिया ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में एक एक कमरे के निर्माण के लिए 3-3 लाख नकद भेंट किए। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया के नेतृत्व में भामाशाह समाजसेवी तंवर व इंदौरिया का मोतियों की माला, छात्रावास का दुपट्टा व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इससे पहले भामाशाह समाजसेवी बनवारी इंदौरिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास का अवलोकन किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने छात्रावास में संचालित निःशुल्क लाइब्रेरी, छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों की व्यवस्था, निर्माणकार्य व योजना से रुबरु हुए प्रतिनिधि मंडल में समाजसेवी भामाशाह बिसाऊ हाल जयपुर निवासी सोहनलाल तंवर हरिराम तंवर, सोफ्टवेयर इंजीनियर सुमित तंवर अमेरिका साथ थे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया, संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल, फाइनेंस कंसल्टेंट झाबरमल सिंगोदिया, प्रवक्ता मनोज राकसिया, बाबूलाल सैनी सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे। समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने भामाशाह समाजसेवी तंवर व इंदौरिया की ओर से छात्रावास में एक एक कमरे के निर्माण के लिए 3-3 लाख रुपए भेंट किए जाने पर धन्यवाद व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया है।

### गौ चिकित्सालय में परिंडे लगाए

**चिड़ावा** (निसं)। गर्ल्स पॉवर महिला मंडल द्वारा "परिंडा अभियान" के तहत जाखोडा गांव स्थित निःशुल्क गौ चिकित्सालय में परिंडे लगाए गए। यह अभियान गर्मी के मौसम में पक्षियों एवं अन्य बेजुबान जीवों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल संयोजिका पूजा शर्मा ने बताया कि समाज में पशु-पक्षियों के प्रति करुणा और सेवा भाव का प्रसार ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने यह भी कहा कि बदनगढ़ के सरपंच विजेंद्र डूडी, अजीत कसवां, रोहित कुमार, रवि शर्मा, अनिता देवी और प्रियंका महला ने इस सेवा कार्य में भाग लेकर सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में मंडल की सह-संयोजिका नेहा सैनी के साथ गीता देवी, ललिता देवी, ओमप्रकाश, कोमल, पूनम और प्रिया ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी सदस्यों ने मिलकर न केवल परिंडे लगाए, बल्कि चिकित्सालय में मौजूद गौवंश एवं अन्य जीवों की सेवा कर मानवता और करुणा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। हमारे मंडल का यह प्रयास न सिर्फ बेजुबानों के लिए राहतकारी है, बल्कि समाज को भी प्रकृति और जीवों के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है।

### शिविर का 175 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 175 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### फुले के नाम सर्किल और स्मारक की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। राष्ट्रीय सैनी सभा ने महात्मा फुले अतिथि भवन फौज का मोहल्ला में अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सैनी की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनाई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी थे। पार्षद प्रदीप सैनी ने जिला मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम सर्किल और स्मारक की मांग राज्य सरकार से की। डॉ. कमलचंद सैनी ने युवाओं से महात्मा फुले के जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे** EL/TRD/EIG/2X25KV/OHE/MIO-CUR दिनांक: 09.04.2025

PROFORMA-10.01

भारतीय रेलवे

सार्वजनिक सूचना

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि बीकानेर मण्डल उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने निविर्दिश्ट तारीख 15.04.2025 को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नही जाएगा।

खण्ड:

बीकानेर मंडल के मोलिसर (रहित) –चूरू (शामिल) खंड में ओएचई अप लाइन सेक्शन के मास्ट नं. 306/37 (किमी 306/890.50) से 280/12 (किमी 280/311.50) तक

PROFORMA 10.02

भारतीय रेलवे

सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी

जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि बीकानेर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के खण्ड मोलिसर (रहित)–चूरू (शामिल) खंड में मास्ट नंबर 306/37(किमी 306/890.50) से 280/12 (किमी 280/311.50) तक दिनांक 15.04.2025 या उसके बाद 25000 वोल्ट पर उर्जित होने के कारण सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78मी. की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेज लगाई गई और अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या खतरनाक निकटता से बचाने के लिए कॉन्टैक्ट वायर रेल स्तर से कम से कम 5.50 मीटर की ऊंचाई पर होगा ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।

जनसाधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिश्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढ़ोये जा रहे लोड से किसी भी स्थित मे ऊंचाई गेजों का उलंघन न करें।

1. अत्यधिक गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा ।
3. चालकों की खतरनाक सामीप्यात या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता जयपुर

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 419-AN/25